राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के कुलपति एवं प्रतिकुलपति तथा बाबासाहेब भीमराव अम्बेदकर बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के कुलपति के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु शीघ्र विज्ञापन प्रकाशित कराने का आदेश दिया

पटना, 20 जून 2019

मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के कुलपति पद पर नियुक्ति के क्रम में 'सर्च कमिटी' द्वारा किसी भी अभ्यावेदक को इस पद के उपयुक्त नहीं पाते हुए किसी नाम की अनुशंसा नहीं किये जाने के फलस्वरूप, महामहिम राज्यपाल–सह–कुलाधिपति श्री लाल जी टंडन ने उक्त विश्वविद्यालय के कुलपति के पद पर नियुक्ति हेतु नये सिरे से विज्ञापन प्रकाशित कराने का आदेश दिया है।

ज्ञातव्य है कि मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के कुलपति–पद के दायित्वों का निर्वहन कर रहे वहाँ के प्रति कुलपति प्रो॰ कार्या नन्द पासवान के त्यागपत्र के बाद वहाँ के कुलपति पद के दायित्वों का निर्वहन अब वर्तमान में अतिरिक्त रूप से वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा के कुलपति प्रो॰ डी॰पी॰ तिवारी द्वारा राज्यपाल सचिवालय के दिनांक 27 मई, 2019 के आदेशालोक में किया जा रहा है।

महामहिम राज्यपाल ने बाबासाहेब भीमराव अम्बेदकर बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के कुलपति डॉ॰ अमरेन्द्र नारायण यादव द्वारा दिये गये इस्तीफे के फलस्वरूप हुई रिक्ति के विरूद्ध भी कुलपति–नियुक्ति की प्रक्रिया प्रारंभ करने एवं तदालोक में विज्ञापन प्रकाशित कराने का आदेश दिया है। ज्ञातव्य है कि सम्प्रति प्रो॰ राजेश सिंह, (कुलपति, पूर्णिया विश्वविद्यालय), पूर्णिया बाबासाहेब भीमराव अम्बेदकर बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के कुलपति पद के दायित्वों का अतिरिक्त रूप से निर्वहन कर रहे हैं।

महामहिम राज्यपाल ने प्रधान सचिव को मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के कुलपति एवं प्रतिकुलपति तथा बाबासाहेब भीमराव अम्बेदकर बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के कुलपति पद की रिक्तियों के विरूद्ध नियुक्ति–प्रक्रिया शुरू करते हुए विज्ञापन शीघ्र प्रकाशित कराने का आदेश दिया है, ताकि यथाशीघ्र इन पदों को भरा जा सके।

....